भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

**राज्य सभा**

लिखित प्रश्न सं. 782

गुरूवार, 8 फरवरी, 2024/19 माघ, 1945 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

**तमिलनाडु में पर्यटन, यात्रा और आतिथ्य उद्योग का कायाकल्प**

**782 श्री आर. गिरिराजन:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि तमिलनाडु देश में बड़ी संख्या में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों को आकर्षित करता है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) तमिलनाडु में पर्यटन, यात्रा और आतिथ्य उद्योग के कायाकल्प हेतु सरकार द्वारा विशेष रूप से तटीय क्षेत्रों में बड़े समुद्र तटों और पर्यटक आकर्षणों का उपयोग करने के लिए क्या सक्रिय उपाय किए गए हैं;

(ग) पिछले पांच वर्षों के दौरान तमिलनाडु में विभिन्न पर्यटन विकास और अवसंरचना परियोजनाओं के लिए कुल कितनी धनराशि आवंटित की गई है; और

(घ) क्या केंद्र सरकार की तमिलनाडु में क्रूज पर्यटन को बढ़ावा देने की योजना है और इस संबंध में केंद्र सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क): वर्ष 2018-2022 के दौरान तमिलनाडु में घरेलू पर्यटक यात्राओं (डीटीवी) और विदेशी पर्यटक यात्राओं (एफटीवी) का विवरण (आंकडे लाख में) निम्नानुसार है:-

| वर्ष | डीटीवी | एफटीवी |
|---|---|---|
| 2018 | 3859.09 | 60.74 |
| 2019 | 4948.65 | 68.66 |
| 2020 | 1406.51 | 12.28 |
| 2021 | 1153.37 | 0.58 |
| 2022 | 2185.85 | 4.07 |
| 2023 (नवम्बर तक) | 2582.49 | 10.49 |

स्रोत: राज्य पर्यटन विभाग

(ख): पर्यटन मंत्रालय ने तमिलनाडु सहित देश में पर्यटन के विकास और संवर्धन के लिए निम्नानुसार विभिन्न कदम उठाए हैं/ पहलें शुरू की हैं:-

i. स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं के माध्यम से पर्यटन संबंधी अवसंरचना का विकास। पर्यटन मंत्रालय ने पर्यटक और गंतव्य केंद्रित दृष्टिकोण अपनाते हुए स्थायी और जिम्मेदार गंतव्यों के विकास के उद्देश्य से स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) के रूप में परिवर्तित किया है।

ii. तीर्थस्थान जीर्णोद्धार और आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) संबंधी राष्ट्रीय मिशन योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं के माध्यम से पर्यटन संबंधी अवसंरचना का विकास।

iii. नागरिकों को अपने देश की यात्रा हेतु प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से देखो अपना देश पहल की शुरूआत की गई।

iv. अन्य निश उत्पादों में निरोगता पर्यटन, कलीनरी पर्यटन, ग्रामीण पर्यटन, ईको पर्यटन आदि जैसे थीमेटिक पर्यटन का संवर्धन किया जाता है ताकि अन्य क्षेत्रों में भी पर्यटन के दायरे का विस्तार किया जा सके।

v. पर्यटन मंत्रालय 'मौसमी स्थिति' के पहलू से निपटने और भारत को 365 दिन उपयुक्त गंतव्य के रूप में प्रोत्साहित करने के लिए क्रूज, साहसिक, चिकित्सा और निरोगता, गोल्फ, पोलो, बैठकें प्रोत्साहनों सम्मेलनों और प्रदर्शनियों (एमआईसीई), इको-पर्यटन, फिल्म पर्यटन, स्थायी पर्यटन तथा ग्रामीण पर्यटन जैसे निश पर्यटन को प्रोत्साहित करता है।

vi. पर्यटन मंत्रालय के अनुरोध पर विदेश मंत्रालय ने महत्वपूर्ण बाजारों में भारत का पर्यटन गंतव्य के रूप में संवर्धन करने के लिए विदेशों में स्थित 20 भारतीय मिशनों में पर्यटन अधिकारियों को नियुक्त किया है।

vii. 167 देशों के नागरिकों के लिए सात उप-श्रेणियों यथा ई-पर्यटक वीज़ा, ई-बिज़नेस वीज़ा, ई-चिकित्सा वीज़ा, ई-चिकित्सा सहयोगी वीज़ा, ई-सम्मेलन वीज़ा, ई-आयुष वीज़ा और ई-आयुष सहायक वीज़ा के लिए ई- वीज़ा की सुविधा प्रदान करना।

viii. ई- वीज़ा का और अधिक उदारीकरण किया गया है और वीज़ा शुल्क में उल्लेखनीय कटौती की गई है।

ix. पर्यटन गंतव्य के रूप में भारत की प्रतिस्पर्धात्मकता में वृद्धि के लिए 1001/- रु. से 7,500/- रु. प्रति रात्रि के टैरिफ वाले होटल के कमरों पर जीएसटी 12% और 7,501/- रु. से अधिक के टैरिफ वाले होटल के कमरों पर 18% कर दिया गया।

x. पर्यटन मंत्रालय ने नागर विमानन मंत्रालय के साथ उनकी आरसीएस-उड़ान योजना में सहयोग किया है। देश में पर्यटन स्थलों तक हवाई संपर्क में सुधार लाने के लिए अब तक 53 पर्यटन मार्गों का प्रचालन शुरू हो गया है।

xi. पर्यटन मंत्रालय अखिल भारतीय अतुल्य भारत पर्यटक सुविधाप्रदाता (आईआईटीएफ) प्रमाणन कार्यक्रम नामक एक डिजिटल पहल चला रहा है जिसका लक्ष्य देश भर में सुप्रशिक्षित एवं पेशेवर पर्यटक सुविधाप्रदाताओं/गाइडों का एक समूह तैयार करने और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसरों का सृजन करने के उद्देश्य से एक ऑनलाइन शिक्षण प्लेटफॉर्म बनाना है।

xii. बेहतर मानक सेवा मुहैया कराने के लिए श्रम-शक्ति के प्रशिक्षण और उन्नयन हेतु 'सेवा प्रदाताओं हेतु क्षमता निर्माण' (सीबीएसपी) योजना के तहत कार्यक्रमों का आयोजन।

(ग): पर्यटन मंत्रालय अपनी 'स्वदेश दर्शन', 'तीर्थस्थान जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) संबंधी राष्ट्रीय मिशन' और 'पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए

केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता' योजनाओं के तहत तमिलनाडु सहित देश में विभिन्न पर्यटन गंतव्यों पर पर्यटन संबंधी अवसंरचना और सुविधाओं के विकास के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों/केन्द्रीय एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

तमिलनाडु राज्य में ऊपर उल्लिखित योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं और आवंटित निधियों का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

(घ): पर्यटन मंत्रालय ने क्रूज पर्यटन हेतु राष्ट्रीय कार्यनीति का मसौदा तैयार किया है। कार्यनीति दस्तावेज में निम्नलिखित कार्यनीति संबंधी स्तंभों को चिह्नित किया गया है:-

i. अवसंरचना और परिपथ सक्षमता
ii. बाज़ार विकास
iii. क्रूज पर्यटन हेतु व्यवसाय में सुगमता
iv. क्रूज टर्मिनलों के आस-पास एकीकृत पर्यटन
v. राजकोषीय समर्थन
vi. निवेश की सुविधा और संवर्धन
vii. क्रूज पर्यटन के लिए कौशल विकास
viii. संस्थागत संरचना और शासन

*******

**अनुबंध**

श्री आर. गिरिराजन द्वारा तमिलनाडु में पर्यटन, यात्रा और आतिथ्य उद्योग का कायाकल्प के सम्बन्ध में दिनांक 08.02.2024 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न संख्या 782 के भाग (ग) के उत्तर में **विवरण**

**तमिलनाडु राज्य हेतु स्वदेश दर्शन योजना** **(करोड़ रु. में)**

| **परिपथ/ स्वीकृति वर्ष** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत राशि** | **निर्मुक्त राशि** | **उपयोग की गई राशि** |
|---|---|---|---|---|
| तटीय परिपथ 2016-17 | (चेन्नई-मामल्लापुरम-रामेश्वरम-मानपाडु- कन्याकुमारी) का विकास | 73.13 | 71.03 | 69.48 |

**तमिलनाडु में प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची** **(करोड़ रु. में)**

| **क्र.सं.** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृति वर्ष** | **अनुमोदित लागत** | **जारी की गई राशि** | **भौतिक प्रगति %** |
|---|---|---|---|---|---|
| **1.** | कांचीपुरम का विकास | 2016-17 | 13.99 | 13.99 | 100% |
| **2.** | वेलंकन्नी का विकास | 2016-17 | 4.86 | 4.86 | 100% |

**तमिलनाडु में पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता योजना**

**(लाख रु. में)**

| **वर्ष** | **परियोजना का नाम** | **एजेंसी** | **स्वीकृत राशि** | **निर्मुक्त राशि** | **स्थिति** |
|---|---|---|---|---|---|
| **2012-13** | चेन्नई पोर्ट में मौजूदा यात्री टर्मिनल में क्रूज यात्री सुविधा केंद्र | चेन्नई पोर्ट ट्रस्ट | 1724.66 | 1724.66 | पूर्ण |

**तमिलनाडु में डीपीपीएच योजना के तहत मेलों और महोत्सवों की सूची**

**(लाख रु. में)**

| **वर्ष** | **मेलों और महोत्सवों के नाम** | **स्वीकृत राशि** | **जारी की गई राशि** |
|---|---|---|---|
| 2015-16 | तमिलनाडु के मामल्लापुरम में भारतीय नृत्य महोत्सव | 8.00 | 8.00 |
| 2016-17 | मामल्लापुरम में भारत नृत्य महोत्सव | 25.00 | 25.00 |
| 2017-18 | मामल्लापुरम में भारत नृत्य महोत्सव | 25.00 | 25.00 |
| 2018-19 | मामल्लापुरम में भारत नृत्य महोत्सव | 25.00 | 25.00 |
| 2019-20 | भारतीय नृत्य महोत्सव | 25.00 | 25.00 |
| | कुमारी महोत्सव | 10.00 | 10.00 |
| | पर्यटन सांस्कृतिक महोत्सव | 15.00 | 15.00 |
| 2021-22 | मामल्लापुरम में भारत नृत्य महोत्सव | 25.00 | 25.00 |
| 2022-23 | मामल्लापुरम में भारत नृत्य महोत्सव | 25.00 | 25.00 |

*******